अनुक्रमांक

नाम---

A/21-22

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 04

वार्षिक परीक्षा 2021-2022

विषय – हिन्दी

समय – 3 घंटा | कक्षा – 9 | पूर्णांक – 80

नोट – इस प्रश्न–पत्र के दो खण्ड है। सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

खण्ड–'क' (अपठित गद्यांश)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिये– 10

विद्यार्थी जीवन हो वह समय है, जिसमें बच्चों के चरित्र, व्यवहार तथा आचरण को चाहे कैसा रुप दिया जा सकता है। यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा की भाँति है, जिसे जिधर चाहे मोड़ा जा सकता है। पूर्णतः विकसित वृक्ष की शाखाओं को मोड़ना सम्भव नहीं है। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने पर वे टूट तो सकती है परन्तु मुड़ नहीं सकतीं। छात्रावस्था उस श्वेत चादर की तरह होती है। जिस पर जैसा प्रभाव डालना हो डाला जा सकता है। सफेद चादर पर एक बार जो रंग चढ़ गया सो चढ़ गया, फिर से वह पूर्वावस्था को प्राप्त नहीं हो सकती। इसीलिए प्राचीनकाल से ही विद्यार्थी जीवन के महत्व को स्वीकार किया गया है। इसी अवस्था में सुसंस्कार और सद्वृत्तियाँ पोषित की जा सकती हैं। इसीलिए प्राचीन समय में बालक को घर सू दूर–गुरुकुल में रहकर कठोर अनुशासन का पालन करना होता था।

(क) व्यवहार को सुधारने का सर्वोत्तम समय कौन–सा है ?

(ख) छात्रों को गुरुकुल में क्यों छोड़ा जाता था ?

(ग) छात्रावस्था की तुलना भावी पेड़ की कोमल शाखा से करना कितना औचित्यपूर्ण है ?

(घ) इस गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक दीजिए।

2. निम्नलिखित संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 200 शब्दों का एक निबन्ध लिखिये– 10

(क) हमारा विद्यालय–

(a) प्रस्तावना
(b) विद्यालय भवन व वातावरण
(c) विद्यालय के प्रधानाचार्य
(d) उपसंहार

(ख) पर्यावरण प्रदूषण–

(a) पर्यावरण प्रदूषण का अर्थ
(b) पर्यावरण प्रदूषण के कारण
(c) पर्यावरण प्रदूषण के प्रकार
(d) पर्यावरण प्रदूषण का निवारण

3. अपने क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोण का वर्णन करते हुए उचित कार्यवाही के लिए अपने नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना–पत्र लिखकर अपना मासिक शुल्क कम कराने के लिए प्रार्थना कीजिए।

4. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों और प्रत्ययों को अलग करके लिखिये– 2

(क) अधिकार (ख) परिचय (ग) मिलान (घ) सजावट

5. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिये–2

(क) अपमान (ख) उपवन (ग) वस्त्र (घ) पुत्र

6. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विलोम शब्द लिखिये– 2

(क) आरोह (ख) अधिक (ग) कवि (घ) न्याय

7. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखिए– 2

(क) आँख चुराना (ख) उँगली उठाना

(ग) घी के दीये जलाना (घ) लोहा लेना

8. प्रविशेषण से क्या अभिप्राय है ? उदाहरण सहित समझाइए। 2

9. निम्नलिखित काव्य को पढ़कर दिये गये प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिये–5

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।
ओढ़ि पितम्बर लै लकुटी बन गोधन, ग्वारनि संग फिरौंगी।।
भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अथरा न धरौंगी।।

(क) कवि तथा कविता का नाम लिखिये।

(ख) कृष्ण के सभी स्वाँग करने को कौन तैयार है और क्यों ?

(ग) 'मुरलीधर' किसे कहा गया है और क्यों ?

अथवा

ऊँची काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट भर खाना
मरने भी देत नहीं, तड़प रह जाना
जीवन पर अब दिन–रात कड़ा पहरा है,
शासन है या तम का प्रभाव गहरा है ?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली
इस समय कालिमामयी जगी क्यों आली ?

(क) कवि को कारागार में किन के बीच दिन काटने पड़ रहे हैं ?

(ख) प्रकृति भी कवि पर क्यों क्षुब्ध हैं ?

(ग) पद्यांश का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

10. अपनी पाठ्य पुस्तक क्षितिज की कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4

(क) हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है ?

(ख) "कोटिक" एक कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं" पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) आपने अपने शहर में बच्चों को कब–कब और कहाँ–कहाँ काम करते हुए देखा है ?

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 6

वह नेपाल से तिब्बत जाने का मुख्य रास्ता है। फरी–कलिङ्पोङ् का रास्ता जब नहीं खुला था, तो नेपाल ही नहीं हिन्दुस्तान की भी चीजें इसी रास्ते तिब्बत जाया करती थीं। यह व्यापारिक हीं नहीं सैनिक रास्ता भी था, इसीलिए जगह–जगह फौजी–चौकियाँ और किले बने हुए हैं, जिनमें कभी चीनी पलटन रहा करती थी। आजकल बहुत से फौजी–मकान गिर चुके हैं। दुर्ग के किसी भाग में, जहाँ किसानों ने अपना बसेरा बना लिया है, वहाँ घर कुछ आबाद दिखाई पड़ते हैं।

(क) पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए ?

(ख) नेपाल–तिब्बत मार्ग का महत्व स्पष्ट कीजिए।

(ग) इस मार्ग पर फौजी चौकियाँ और किले क्यों बने हुए हैं ?

12. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 4

(क) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी–प्रेमी बना दिया ?

(ख) आपकी दृष्टि में वेशभूषा के प्रति लोगों की सोच में आज क्या परिवर्तन आया है ?

(ग) सिद्ध कीजिए कि हीरा मोती दोनों ही क्राँतिवीर हैं।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 6

(क) 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'विस्थापन की समस्या' पर एक अनुच्छेद लिखिए।

खण्ड–'ख'

14. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए–6

पुराणेषु कथितम् अस्ति यत् पर्वतराज हिमालयस्य पुत्रयाः नन्दायाः (पार्वत्याः) विवाहः कैलाशवासिना भगवता शिवेन सह अभवत् शिवस्य आवासः हिमालयस्य गहनासु उपत्यकासु विद्यते। ततः सा भगवती नन्दा बारं–बारं स्वपितुः गृहम् आगन्तुं न शक्नोति। अतः प्रत्येकस्मिन् द्वादशे वर्षे स्व–पितृर्गृहम् आगच्छति। नन्दायाः स्वपितुः गृहागमनने तत्रत्याः जनाः अतीव प्रसन्नाः भूत्वा लोकोत्सवान् आयोजयन्ति परन्तु पुनः एतादृशः अवसरोऽपि

समागच्छति यदा नन्दा पुनः पतिगृहम् गच्छति।

(क) पुराणेषु किं कथितम् ?

(ख) शिवस्य आवासः कुत्र विद्यते ?

(ग) नन्दा वारं–वारं स्वपितुः गृहं कथम् आगन्तुं न शक्नोति ?

(घ) जनाः कथम् अतीव प्रसन्नाः भवन्ति ?

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4

(क) आङ्ग्लेयान् का प्रकम्पितवती ?

(ख) दूरदर्शनस्य कः लाभः वर्णितः अस्ति ?

(ग) उत्तराखण्डस्य आराध्या देवी का ?

(घ) संग्णकं का शिक्षयति ?

16. कोष्टक में दिए गए शब्दों में शुद्ध शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–4

(क) अस्या.....मध्य काचिद् नदी प्रवहति ? (नगर्याः / साहसं)

(ख) अस्माभिः.....संरक्षणं करणीयम्। (दैन्यं / विद्युतः)

(ग) साम्प्रतं तु विज्ञानोपकरणानि एवं.....दृश्यन्ते। (यत्र तत्र / सर्वत्र)

(घ) अस्माभिः सर्वैरपि.....लोकमङ्गलकरं रुपमेवोपासनीयम्। *(ज्ञानस्य / विज्ञानस्य)*

17. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

(क) सन्धि विच्छेद कीजिए– 1

(अ) पुस्तकालयः **(ब)** सूर्योदयः

(ख) समास विग्रह कीजिए– 1

(अ) दानपात्रम् **(ब)** त्रिलोकी

(ग) निम्नलिखित रेखांकित पदों के कारक बताइए। 2

(अ) <u>बालकाय</u> मोदकाः रोचन्ते। (ब) <u>वृक्षे</u> पुष्पाणि विकसन्ति।

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का प्रयोग करते हुए संस्कृत वाक्यों की रचना कीजिए। 2

(अ) पुस्तकम् **(ब)** विद्यालयः **(स)** खगाः (द) सर्वत्र

◆ ◆ ◆ ◆ ◆ ◆